<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–08 ***फरवरी*** 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में स्किल इंडिया कार्यक्रम को दो हजार छब्बीस तक जारी रखने का फैसला, पुनर्गठन को भी मिली मंजूरी।
- केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित कई विशिष्ट लोगों ने पवित्र त्रिवेणी संगम में किया स्नान, महाकुंभ स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पहुंची साढ़े चालीस करोड़ के पार।
- मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के मतों की गिनती अबसे थोड़ी देर बाद होगी शुरू, कुल दस उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला।
- पेन पेपर मोड में चार मई को होगी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक–नीट यूजी, सात मार्च तक कर सकते हैं आवेदन।

**********

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की कल नई दिल्ली में बैठक हुई। मंत्रिमंडल ने स्किल इंडिया कार्यक्रम को दो हजार छब्बीस तक जारी रखने और उसके पुनर्गठन को मंजूरी दी। वित्तीय वर्ष दो हजार बाईस तेईस से दो हजार पचीस छब्बीस तक आठ हजार आठ सौ करोड़ रुपये की लागत के साथ इस कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

***स्किल इंडिया प्रोग्राम को आठ हजार आठ सौ करोड़ रुपये नया अप्रूवल मिला है और इसमें बड़ा फोकस लाया गया है कि कन्वर्जन्स पर बहुत ध्यान हो, क्वालिटी पर बहुत ध्यान हो और इस तरह से हो कि जिससे कार्डिनेशन बने विभिन्न सेक्टर्स में।***

मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के विस्तार को भी मंजूरी दी।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम पर लोगों का स्नान जारी है। तेरह जनवरी से कल रात तक चालीस करोड़ अड़सठ लाख लोग महाकुंभ स्नान कर चुके थे। केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित कई विशिष्ट लोगों के साथ ही कल करीब चौरानबे लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्नान किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संगम स्नान के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तीर्थराज प्रयाग सभी के मनोरथ पूर्ण करें, हमारे चिंतन और चेतना को सशक्त करें, विश्व का कल्याण करें, यही कामना है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने संगम स्नान से पहले बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और सेक्टर सात स्थित गुजरात पवेलियन का अवलोकन किया। गुजरात से बड़ी संख्या में महाकुंभ पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्होंने चार सौ बेड की एक डॉरमेट्री का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने महाकुंभ में की गई व्यवस्था की सराहना की।

**माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में योगी जी सरकार ने बहुत ही सुन्दर व्यवस्था की। सफाई से लेकर सब कुछ बहुत ही अच्छा और हमको भी यह स्नान करने का मौका मिला।**

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन कल महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में सनातन संस्कृति की एकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

इस बीच, महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और सुगमता के लिए प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर अगले आदेश तक वन–वे मूवमेंट लागू कर दिया है। एक रिपोर्ट–

***प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर अगले आदेश तक एकल दिशा मूवमेंट लागू रहेगा। इस दौरान प्रवेश केवल सिटी साइड प्लेटफॉर्म नं.–1 की ओर से दिया जाएगा और निकास केवल सिविल लाइंस साइड की ओर से होगा। अनारक्षित यात्रियों को दिशावार यात्री आश्रय के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। टिकट की व्यवस्था यात्री आश्रयों में अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग के रूप में रहेगी। आरक्षित यात्रियों को गेट संख्या 5 से प्रवेश दिया जाएगा और उन्हें गाड़ी आने से आधे घंटे पहले ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति होगी। इस दौरान स्टेशन के दोनों ओर आवागमन के लिए पर्याप्त साधनों की उपलब्धता बनी रहेगी। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

महाकुंभ के गंगा पंडाल में कल शाम भक्ति, संगीत और नृत्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। वहां ओडिशी नृत्यांगना डोना गागुंली, मेवाती घराने के गायक योगेश गंदर्भ और वीणा वादिका डॉ सुमा सुधीर ने देर शाम तक अपनी प्रस्तुतियां दीं।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में आदर्श गांव का मॉडल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा लगाए गए मंडप में आदर्श गांव को दर्शाया गया है। इसमें विद्यालय, पंचायत घर, आंगनबाड़ी और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत दिए जा रहे रोजगार के अवसरों सहित विभिन्न सुविधाओं को दर्शाया गया है।***

***आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए मंडप की प्रतिनिधि रिया सिंह ने बताया कि इस मंडप में ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की जाने वाली सभी सरकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। आदर्श गाँव का यह मॉडल आर्थिक और सामाजिक रूप से शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गांव में हो रहे विकास को प्रदर्शित कर रहा है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज***

**********

आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कल प्रयागराज में महाकुंभ नगर आकाशवाणी के कैंप कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ की व्यापक कवरेज के लिए चलाए जा रहे आकाशवाणी के विशेष एफएम रेडियो चैनल कुंभवाणी की व्यवस्था की समीक्षा की। बताया कि–

***हम लोगों के लिए संतुष्टी का विषय है कि लोगों ने कुंभवाणी को बहुत पसंद किया है। और उसको देखते हुए ही प्रसार भारती ने विशेष ये कोशिश की और इसमें हम लोग सफल भी हुए कि जो हमारे समाचार बुलेटिन हैं वह यहां के पब्लिक एड्रेस सिस्टम पे क्योंकि समाचार बुलेटिनों के जरिये आम जनता को जानकारी दी जा रही है कुंभ के बारे में कुंभ के विषयों के बारे में। वो एक बहुत बड़ी सफलता है कि लोग हमारे बुलेटिनों को सुन रहे हैं।***

आकाशवाणी ने पिछले महीने की दस तारीख को कुंभवाणी की शुरुआत की थी। कार्यक्रम को एक सौ तीन दशमलव पांच मेगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी, न्यूजऑन एआईआर ऐप और वेव्स ओटीटी पर सुना जा रहा है।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को हुए उपचुनाव के परिणाम आज घोषित किये जाएंगे। इसके लिए अबसे थोड़ी देर बाद आठ बजे से अयोध्या जिले के राजकीय इंटर कॉलेज में मतगणना शुरू होगी। अयोध्या के जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि मतगणना के दौरान एजेंट और मतगणनाकर्मियों के लिये अलग अलग गेट से प्रवेश की व्यवस्था की गई है।

***सबकी पूरी व्यवस्था है। बैरिकेडिंग और साथ साथ एजेंट्स और जो काउंटिंग पर्सन हैं उनका अलग अलग गेट से एंट्री और सभी के आने का स्मूथ तरीके से सभी के जो एंट्री प्वाइंट्स हैं ये सारी व्यवस्था यहां पर है। फोर्स का डिप्लाइमेंट्स जो है वह कमीशन के मानक के हिसाब से रहेगा। और सिक्योरिटी की और हर चीज की पूरी व्यवस्था रहेगी।***

मिल्कीपुर सीट से उपचुनाव में भाजपा के चंद्रभानु पासवान, सपा के अजीत प्रसाद और आजाद समाज पार्टी के संतोष कुमार सहित दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक–नीट यूजी की तारीख घोषित कर दी है। एजेंसी के अनुसार यह परीक्षा चार मई को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक पेन और पेपर मोड में होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सात मार्च तक आवेदन किये जा सकेंगे।

**********

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कल तीरंदाजी में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीत लिया। वहीं ताइक्वांडो में क्यूरोजी की स्पर्धा में प्रदेश के विनीत कुमार को कांस्य पदक मिला है। इस जीत के साथ प्रदेश के खाते में 24 पदक आ गए हैं। अमरोहा की आर्यांशी ने योग कॉम्पिटिशन के 'आर्टिस्टिक पेअर' इवेंट में रजत पदक और ग्रुप इवेंट में कांस्य पदक जीता है। आर्यांशी ने कहा कि–

***मुझे इस चीज की खुशी है कि मैने उत्तर प्रदेश को टॉप–5 रैकिंग लाने में अपना थोड़ा सा योगदान दिया और वह केवल मेरे आचार्य जी एवं मेरे माता पिता के आर्शीवाद से ही संभव हो पाया है।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल राजभवन में आयोजित छप्पनवीं प्रादेशिक फल, शाक–भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी–दो हजार पचीस का उद्घाटन किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्यों के लिए बारह प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया।

**********